## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम को 2026 तक जारी रखने और इसके पुनर्गठन को दी मंजूरी, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के विस्तार को भी स्वीकृति।**

- **राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री और कोयला मंत्री से की मुलाकात, झारखंड की बकाया राशि लौटाने का किया आग्रह, केन्द्र ने शीघ्र पहल का दिया भरोसा।**

- **झारखंड हाईकोर्ट ने अदालत की अवमानना के एक मामले में रात में की सुनवाई, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव हुए पेश, मांगी माफी।**

- **रांची के बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के पोल्ट्री फार्म के मुर्गों में बर्ड फ्लू की पुष्टि, केन्द्र सरकार ने राज्य को एहतियाती कदम उठाने के दिये निर्देश।**

- **38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के तीरंदाजों ने जीता रजत पदक, कुल 16 पदकों के साथ झारखंड पदक तालिका में 16वें स्थान पर।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के विस्तार को मंजूरी के साथ ही स्किल इंडिया कार्यक्रम को 2026 तक जारी रखने और उसके पुनर्गठन को भी स्वीकृति दी गयी है। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 2022–23 से 2025–26 तक आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये की लागत के साथ इस कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गयी है।

श्री बैष्णव ने बताया कि साउथ–कोस्ट रेलवे जोन को भी केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। यह नया रेलवे जोन होगा।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री और कोयला मंत्री से की मुलाकात कर झारखंड की बकाया राशि लौटाने का आग्रह किया। श्री किशोर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों को बकाये का पूरा ब्यौरा सौंपा। इसके बाद कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता प्रधान को बकाया का वास्तविक आकलन करने का निर्देश दिया। श्री किशोर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से मुलाकात के दौरान बकाया एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये देने के आग्रह के साथ ही केन्द्रीय अनुदान में हर वर्ष हो रही कटौती से भी अवगत कराया।

******************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सर्वोच्च न्यायालय के राज्यों को बकाया राशि दिए जाने वाले आदेश की गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव के समय अनगिनत लोक लुभावना योजनाओं की घोषणा कर दी थी, जिसमें अगले 5 वर्षों में ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च आने का अनुमान है। राज्य अपने आंतरिक स्रोत से यह पैसा जुटाने में मुख्यमंत्री असफल हैं।

******************

अदालत की अवमानना के एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने कल रात नौ बजे सुनवाई की और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके बाद श्री सिंह रात में ही हाईकोर्ट में पेश हुए और अदालत से माफी मांगी। उन्होंने अदालत को बताया कि पेंशन संबंधी कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर दिया गया है। गौरतलब है कि हजारीबाग के तत्कालीन सिविल सर्जन डा. दीनानाथ पांडेय की पेंशन राशि से 20 प्रतिशत काटने का आदेश राज्य सरकार ने दिया था। इस आदेश को प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अदालत ने सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था और सरकार को काटी गयी पेंशन राशि लौटाने का निर्देश दिया था। प्रार्थी ने अदालत के आदेश का पालन कराने को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की थी।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन–वेब्स के सलाहकार बोर्ड की बैठक की। उन्होंने अभिनेता अमिताभ बच्चन, दिलजीत दोसांझ, रजनीकांत, शाहरुख खान, रणबीर कपूर, चिरंजीवी, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, अनुपम खेर सहित देश और दुनिया के शीर्ष पेशेवरों के साथ बातचीत की। उन्होंने संगीत निर्देशक ए.आर. रहमान, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, माइक्रोसॉफ्ट के सी.ई.ओ. सत्य नडेला, महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरपर्सन आनंद महिंद्रा और अन्य शख्सियतों से भी मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सलाहकार बोर्ड के सदस्यों ने न केवल अपना समर्थन दोहराया, बल्कि भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने के प्रयासों को और कैसे बढ़ाया जाए, इस पर भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

******************

रांची स्थित बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वेटरनरी कॉलेज के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। भोपाल स्थित आईसीएआर–एनआईएचएसएडी में मुर्गों के सैंपल की जांच में एचएन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा मिला है। इसके बाद केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राज्य की मुख्य सचिव को पत्र लिखकर एहतियाती कदम उठाने को कहा है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

***********************

प्रयागराज के महाकुंभ में करीब दस लाख लोग कल्पवास की प्राचीन परंपरा का पालन कर रहे हैं। श्रद्धालु माघी पूर्णिमा तक एक महीने तक कल्पवास करते हैं, जिसमें वे निर्धारित अनुष्ठानों का सख्ती से पालन करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है।

***********************

उतराखंड के देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के तीरंदाजों ने रजत पदक हासिल किया। इंडियन मिक्स्ड राउंड में महाराष्ट्र के तीरंदाजों ने झारखंड के माधो बिरवा और मनीषा को हरा दिया, जिससे झारखंड को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। झारखंड के खाते में अब कुल 16 पदक हो गये हैं। इनमें पांच स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में झारखंड 16वें स्थान पर है।

***********************

**अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर की सुर्खी है–** केन्द्रीय मंत्रियों से मिल किशोर ने मांगा राज्य का बकाया, केन्द्र शीघ्र करेगा पहल।

**दैनिक जागरण ने लिखा है–** रायल्टी मद में झारखंड की वास्तविक बकाया राशि का आकलन करेगा कोयला मंत्रालय।

**दैनिक भास्कर लिखता है–** अवमानना पर रात में बैठा कोर्ट, अपर मुख्य सचिव हुए पेश, मांगी माफी।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं–** निकाय चुनाव विधानसभा की मतदाता सूची से ही होंगे।

*********समाप्त*********